आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश में पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती के पदों पर कल से परीक्षाएं शुरू हो जाएगीं। 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर केंद्रों पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इन परिक्षाओं को नकलविहिन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। महानिदेशक ने कहा है कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के आवागमन मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील करा लें। साथ ही नये सीसीटीवी कैमरे भी पर्याप्त संख्या में लगाए जाएं। चिन्हित हॉट स्पॉट्स पर ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सेल और जनपदीय अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय एवं सतर्क किया जाये। उधर, विभिन्न जिलों में पुलिस अधिकारियों ने आज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों को परखा। इसबीच, इस परीक्षा के 48 लाख आवेदनों की जांच में 20 हजार से अधिक अभ्यर्थी संदिग्ध निकले हैं। सत्यापन में इनके आधार कार्ड का ब्योरा मूल डाटा से मेल नहीं खा रहा है। इनके दस्तावेजों का सत्यापन केन्द्र पर दोबारा किया जाएगा।

उधर परीक्षा को देखते हुए कई जिलों में जिला प्रशासन ने परीक्षा वाले दिनों में स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया है। गोरखपुर के जिलाधिकारी ने 23 और 24 अगस्त को कक्षा एक से लेकर बारह तक के सभी विद्यालयों को बंद रखने का निर्देश दिया है।

****

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज वाराणसी के काशी विद्यापीठ ब्लॉक में स्थित कृषि उत्पादन संगठन औद्यानिक विपरण सहकारी समिति लिमिटेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संगठन द्वारा स्थापित विभिन्न परियोजनाओं और उनसे मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने राज्य के किसानों को समर्पित वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपी किसान डॉट ओआरजी का शुभारम्भ किया। इस पोर्टल के माध्यम से किसानों को कृषि सम्बन्धी नवीनतम तकनीक की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

****

वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के वुजूखाने का ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया से सर्वे कराने की मांग को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका की अगली सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में नौ सितंबर को होगी। कोर्ट में आज अंजुमन इतजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से हलफनामा दाखिल किया गया। उसके बाद याची की ओर से उनके अधिवक्ता ने उसका जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने याची को समय देते हुए सुनवाई टाल दी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

****

मथुरा जिले के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में सत्ताईस अगस्त को प्रस्तावित जन्माष्टमी पर्व के उत्सव में बुजुर्ग, बच्चों और बीमार लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। इस संबंध में मंदिर प्रबंधन ने बुधवार को एक एडवाइजरी जारी की। प्रबंधन ने यह फैसला भारी भीड़ और पिछले दिनों हुई घटनाओं को देखते हुए लिया है। उधर, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि इस बार पांच हजार दो सौ इक्यावनवें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्स्व का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पच्चीस अगस्त को मथुरा जिले में करेंगे। वह इस मौके पर बरसाना रोपवे और यमुना क्रूज समेत एक सौ सैंतीस परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।

****

प्रदेश के पूर्वी जिलों में पिछली तीन दिन से आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का क्रम जारी है। इसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम के इस बदलाव से किसानों में खुशी की लहर है। उनकी धान की फसल लहलहा उठी है। मौसम विभाग के अनुसार बादलों के छाये रहने और रूक–रूक कर वर्षा होने का सिलसिला अगले तीन–चार दिन तक जारी रहेगा। उधर बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। वाराणसी में गंगा नदी के कई घाट जलमग्न हो गये हैं। पीलीभीत में बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण शारदा और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है।

****

ललितपुर जिले के महरौनी तहसील के ग्राम भैरा में डायरिया के चलते दो भाइयों सहित तीन मासूम बच्चों की मौत हो गयी है जबकि एक दर्जन लोगों को डायरिया की शिकायत होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंच गयी है। टीम के लोगों में डायरिया से बचाव की दवा वितरित कर रहे हैं।

****

इटावा जिले के महेवा ब्लाक के मेंहदीपुर गांव में नाला निर्माण के दौरान एक घर की दीवार दरक जाने के कारण उसमें दब कर तीन मजदूरों की मौत हो गयी जबकि दो मजदूर घायल हो गये। घायल मजदूरों को महेवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

****